# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय,कानपुर
# CHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Kanpur University, Kanpur)
Kalyanpur, Kanpur-208024
कल्यानपुर कानपुर–208024


सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि./सी.ओ.ई./ 140 /2023 दिनांक : 02/02/2023

## कार्यालय–ज्ञाप

आदेशानुसार विश्वविद्यालय की सत्र 2022–23 हेतु एन0ई0पी0 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत प्रथम व तृतीय सेमेस्टर, परास्नातक प्रथम सेमेस्टर एवं पूर्व से संचालित विषम सेमेस्टर से सम्बन्धित प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा निम्नलिखित निर्देशों के साथ सम्पन्न करायी जायेंगीः–

1. प्रायोगिक/मौखिक परीक्षाओं हेतु महाविद्यालय की लॉगिन पर एक लिंक प्रदर्शित किया जायेगा, जिस पर सम्बन्धित विषय एवं अनुमोदित शिक्षकों का नाम प्रदर्शित होगा, जिसे महाविद्यालयों द्वारा चयन किया जा सकेगा।
2. महाविद्यालयों द्वारा किसी अनुमोदित शिक्षक को बाह्य परीक्षक के रूप में अधिकतम पॉच बैच हेतु तथा आन्तरिक परीक्षक के रूप में अधिकतम चार बैच हेतु चयन किया जा सकेगा।
3. आन्तरिक परीक्षा हेतु महाविद्यालय में उपलब्ध सम्बन्धित विषय के अनुमोदित शिक्षकों में से ही चयन किया जा सकेगा। यदि किन्ही कारणों से महाविद्यालय में सम्बन्धित विषय का अनुमोदित शिक्षक नही है अथवा कम हैं तो ऐसे महाविद्यालयों के विरूद्व नियमानुसार कार्यवाही करते हुये परीक्षार्थियों को **न्यूनतम उत्तीर्णांक** प्रदान किये जाने पर विचार किया जायेगा।
4. प्रायोगिक/मौखिक परीक्षाओं हेतु बैच का निर्धारण छात्र संख्या के आधार पर निम्नवत किया जायेगा, जिसके अनुसार महाविद्यालय द्वारा आन्तरिक एवं बाह्य परीक्षक का चयन किया जा सकेगाः–

| क्र.सं. | पाठ्यक्रम | एक बैच के छात्रों की न्यूनतम संख्या | एक बैच के छात्रों की अधिकतम संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | स्नातक | 25 | 120 |
| 2 | परास्नातक | 10 | 60 |

5. महाविद्यालयों के ऐसे पाठ्यक्रम जिनमें पोर्टल पर प्रायोगिक परीक्षा हेतु न्यूनतम स्नातक में 25 परीक्षार्थी एवं परास्नातक में 10 परीक्षार्थियों से कम हैं वाह्य परीक्षक चयन किये जाने हेतु विषय पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं होगा। ऐसे दो या दो से अधिक महाविद्यालयों को मिलाकर प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा हेतु उनमें से किसी एक महाविद्यालय को अथवा उनके सन्निकट किसी महाविद्यालय को जो प्रायोगिक परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्र बना हुआ है को नियमानुसार विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा केन्द्र बनाया जायेगा। उक्त प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र पर आन्तरिक परीक्षक सम्बन्धित महाविद्यालयों के अपने अपने अनुमोदित शिक्षक होंगे, उक्त परीक्षा केन्द्रों पर वाह्य परीक्षक परीक्षा नियंत्रक कार्यालय द्वारा नियुक्त किये जायेंगे, जिनके द्वारा उक्त आंतरिक परीक्षकों की पुष्टि की जाएगी।

क्रमश.......................1

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय,कानपुर
CHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Kanpur University, Kanpur)
Kalyanpur, Kanpur-208024
कल्यानपुर कानपुर–208024

6. महाविद्यालयों द्वारा चयनित वाह्य परीक्षक प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा सम्पन्न कराने में असमर्थता व्यक्त करता है अथवा अन्य किसी कारण से परीक्षक को परिर्वतित किये जाने की आवश्कता होगी, तो ऐसी दशा में महाविद्यालय के अनुरोध पर वाह्य परीक्षक परीक्षा नियंत्रक कार्यालय द्वारा नामित किये जायेंगे।
7. महाविद्यालयों द्वारा प्रयोगिक/मौखिकी परीक्षा प्रत्येक दशा में **दिनांक–.28.02.2023** तक सम्पन्न कराकर उनके अंक पोर्टल पर अपलोड कराने के साथ–साथ विश्वविद्यालय को हार्डकांपी दो प्रतियों में उपलब्ध करायी जायेंगी। उक्त तिथि तक परीक्षा न सम्पादित कराये जाने अथवा परीक्षा सम्पादित कराकर परीक्षार्थियों के प्राप्तांक पोर्टल पर अपलोड न कराये जाने की दशा में ऐसे महाविद्यालयों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुये परीक्षार्थियों को उनके सम्बन्धित विषय की लिखित परीक्षा मे प्राप्त किये गये अंक का औसत अंक प्रदान किये जाने पर विचार किया जायेगा।
8. परीक्षा केन्द्र अपने यहॉ सम्बद्ध सभी महाविद्यालयों के छात्रों के अंकों का सब्मिशन करने पर ही अपने महाविद्यालायों के छात्रों के अंकों का सब्मिशन कर सकेगा।
9. महाविद्यालय द्वारा परीक्षक का चयन करने पर सम्बन्धित परीक्षक के मोबाईल नम्बर पर ओ0टी0पी0 जायेगा, जिसके वेरीफिकेशन के बाद ही शिक्षक के चयन की पुष्टि की जायेगी।
10. पोर्टल पर आन्तरिक एवं बाह्य शिक्षक की एक साथ फोटो तथा प्रयोगात्मक परीक्षा कराते हुये परीक्षार्थियों के साथ ग्रुप फोटो अपलोड किया जाना अनिवार्य होगा।
11. शिक्षक अथवा शिक्षक के मोबाईल नम्बर में सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की समस्या हेतु विश्वविद्यालय के सम्बद्धन विभाग से 8090057445 सम्पर्क किया जा सकेगा।
12. उक्त प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा हेतु किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु विश्वविद्यालय के हेल्प लाइन नम्बर 8860004609 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

अतः सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्राचार्या से अपेक्षा की जाती है कि उपरोक्तानुसार विश्वविद्यालय की सत्र 2022–23 हेतु एन0ई0पी0 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत प्रथम व तृतीय सेमेस्टर, परास्नातक प्रथम सेमेस्टर एवं पूर्व से संचालित विषम सेमेस्टर से सम्बन्धित प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें।

(डॉ. अंजनी कुमार मिश्र)
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, सी0एस0जे0एम0वि0वि0, कानपुर।
2. निदेशक, सी0डी0सी0, सी0एस0जे0एम0वि0वि0, कानपुर।
3. प्रभारी, पी0एम0यू0 सेल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त कार्यालय ज्ञाप को विश्वविद्यालय के होम पेज तथा सभी महाविद्यालयों के कालेज लॉगिन पर अपलोड कराने के साथ–साथ आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
4. मीडिया प्रभारी, सी0एस0जे0एम0वि0वि0, कानपुर।
5. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
6. वैय0 सहायक, कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
7. गार्ड फाइल।

(अजय कुमार गौतम)
सहायक कुलसचिव (परीक्षा)